आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक

# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 280 | उज्जैन, शनिवार 30 अगस्त 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## मध्यप्रदेश के कण-कण में है सौंदर्य-डॉ. मोहन यादव



भोपाल। भारत का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश अप्रतिम सौंदर्य से समृद्ध प्रदेश है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मध्यप्रदेश सर्वाधिक सम्मोहित करने वाला राज्य है। इसके कण-कण में सौंदर्य है। जो एक बार आता है यहां की स्मृतियों के सम्मोहन में बंधकर बार-बार आता है। मध्यप्रदेश में हर आयु के पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है।

पर्यटन के संबंध में दशकों पहले की अवधारणाएं अब समाप्त हो गई हैं। मध्यप्रदेश के पर्यटन ने अब उद्योग का रूप ले लिया है। हमारी नीतियों और दूरदर्शी निर्णयों से पर्यटन क्षेत्र का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह सर्वमान्य तथ्य है कि अर्थव्यवस्था में पर्यटन सर्वाधिक रोजगार उत्पन्न करने वाला सैक्टर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अतुल्य भारत का वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है। इसका सकारात्मक प्रभाव सभी राज्यों के पर्यटन उद्योग पर पड़ा है। देश का घरेलू पर्यटन बढ़ने से मध्यप्रदेश जैसे तेजी से बढ़ते राज्य को सीधा लाभ हुआ है।

मध्यप्रदेश के शांतिप्रिय नागरिकों के लिये सबसे ज्यादा खुशी की बात है कि मध्यप्रदेश अब वैश्विक पर्यटन नक्शे पर ध्रुव तारे जैसा चमक रहा है। हमारे पर्यटन की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह अत्यंत समृद्ध और विविधता से सम्पन्न है। साथ ही जिम्मेदार और सुरक्षित भी।

प्रदेश में पर्यटन की नई-नई शाखाएं उभरी हैं। प्राकृतिक पर्यटन हो या सांस्कृतिक पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन हो या वन्यजीव पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन हो या रोमांचकारी पर्यटन, कृषि पर्यटन हो या फिल्म पर्यटन या नया उभरता हुआ चिकित्सा पर्यटन। इन सभी नये स्वरूपों के साथ मध्यप्रदेश की पहचान बहु आयामी पर्यटन प्रदेश के रूप में हो रही है।

प्रदेश में अब पर्यटकों की संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है। गत वर्ष देश में सर्वाधिक पर्यटक मध्यप्रदेश में आए। नैसर्गिक सौन्दर्य, वन्य प्राणी, धार्मिक स्थल, आकर्षक ऐतिहासिक विरासतें और हरे-भरे वन हमारी विशेषता हैं। हमारे वन जीवित हैं। देश में सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में हैं। चंबल सबसे साफ नदी है जिसमें घड़ियालों का संरक्षण हो रहा है। नर्मदा मैया के दर्शन करने हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि से मध्यप्रदेश अब देश का एकमात्र चीता प्रदेश बन गया है। चीतों का परिवार पालपुर कूनो में फल फूल रहा है। सांची, खजुराहो और भीमबेटका जैसी विश्वविख्यात धरोहर हमारी वैश्विक सांस्कृतिक पहचान है। अब यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में ग्वालियर किला, बुरहानपुर का खूनी भंडारा, चंबल के पत्थर कला स्थल, भोजेश्वर महादेव मंदिर भोजपुर, रामनगर मंडला के गोंड स्मारक और मंदसौर का धमनार भी जुड़ने की तैयारी में हैं।

## सीबीआई के हत्थे चढ़े एयरटेल अधिकारी समेत तीन लोग, अवैध सिम कार्ड बिक्री से जुड़ा है मामला



नई दिल्ली (एजेंसी)। सीबीआई ने अवैध रूप से सिम कार्ड बेचने के आरोप में एयरटेल के टेरिटरी सेल्स मैनेजर (टीएसएम) समेत तीन लोगों को असम के सिलचर से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन सिम कार्डों का दुरुपयोग डिजिटल अरेस्ट जैसी धोखाधड़ी में किया गया। सीबीआई ने असम के कछार में पांच ठिकानों पर छापे मारे और टीएसएम देबाशीष डोले, बिचौलिया माहिम उद्दीन बरभुइया और असीम पुरकायस्थ को गिरफ्तार किया। एयरटेल की तरफ से इस मामले में प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर नकेल कसने के लिए एजेंसी ने इस साल मई में छापे मारे थे, जिसमें 39 प्वाइंट आफ सेल्स (पीओएस) ऑपरेटर पकड़े गए थे। इन पर भारतीयों को अपने जाल में फंसाने के लिए दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के साइबर अपराधियों को 1100 से अधिक घोस्ट सिम कार्ड बेचने के आरोप हैं।

अवैध तरीके से सिम कार्ड जारी किए- छानबीन के दौरान सीबीआई को पता चला कि डोले ने बिचौलिया बरभुइया और पुरकायस्थ के साथ मिलकर अवैध तरीके से सिम कार्ड जारी किए।


## भारत-बांग्लादेश सीमा वार्ता में बाड़ लगाने और बीएसएफ जवानों पर हमलों को लेकर हुई चर्चा



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच 56वीं डायरेक्टर जनरल स्तर की बॉर्डर कांफ्रेंस के दौरान भारतीय पक्ष ने बांग्लादेशी अपराधियों द्वारा भारतीय नागरिकों और बीएसएफ कर्मियों पर हमलों, ड्रोन घुसपैठ और सीमा पर अपराधों को रोकने के लिए एकल-पंक्ति बाड़ के जल्द निर्माण का मुद्दा उठाया।

चार दिवसीय वार्ता ढाका में गुरुवार को संपन्न हुई- यह चार दिवसीय वार्ता ढाका में गुरुवार को संपन्न हुई। पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद यह पहली बार था जब एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल वार्ता के लिए पड़ोसी देश गया। बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जबकि बांग्लादेशी पक्ष का नेतृत्व बीजीबी के डीजी मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमान सिद्दीकी ने किया।

## अगर सच में कमान RSS के हाथ में होती तो..., बीजेपी अध्यक्ष चुनाव और ट्रंप पर खुलकर बोले मोहन भागवत



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नए अध्यक्ष की तलाश में देरी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बयान दिया है।

गुरुवार शाम को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने साफ कहा कि अगर बीजेपी की कमान वाकई RSS के हाथ में होती, तो नए अध्यक्ष का फैसला इतना वक्त न लेता।

मोहन भागवत का यह बयान उस वक्त आया है, जब बीजेपी में नए अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो चुका है, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव और संगठनात्मक व्यस्तताओं के चलते उन्हें दो बार कार्यकाल विस्तार दिया गया।

अब बीजेपी के सामने नया नेतृत्व चुनने की बारी है और विपक्ष बार-बार यह आरोप लगाता रहा है कि बीजेपी के फैसले RSS के इशारे पर होते हैं। भागवत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ऋस्स अपने स्वयंसेवकों पर भरोसा करता है और कोई भी फैसला सामूहिक रूप से लिया जाता है।

RSS और बीजेपी का ये कैसा रिश्ता- RSS को अक्सर बीजेपी का वैचारिक मार्गदर्शक माना जाता है। दोनों संगठनों का रिश्ता पुराना है, और कई मौकों पर RSS के स्वयंसेवक बीजेपी के लिए रणनीति बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

हालांकि मोहन भागवत ने साफ किया कि RSS, बीजेपी के रोजमर्रा के कामकाज में दखल नहीं देता। उन्होंने कहा, हमारे बीच कोई झगड़ा नहीं है।

## भारत-कनाडा रिश्तों में सुधार, नई दिल्ली और ओटावा में नए उच्चायुक्त नियुक्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। 2023 में खालिस्तान समर्थक निज्जर की हत्या पर विवाद के कारण बिगड़े राजनयिक संबंधों के सामान्यीकरण के संकेत देते हुए, कनाडा और भारत ने गुरुवार (28 अगस्त, 2025) को उच्चायुक्तों की नियुक्ति की घोषणा की।

पीएम मोदी ने की थी कनाडा की यात्रा- यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कनाडा के कनानसकीस में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी से मुलाकात के लगभग ढाई महीने बाद उठाया गया है , जहां दोनों नेताओं ने दूतों की नियुक्ति और संबंधों को उन्नत करने पर सहमति व्यक्त की थी।

भारत ने कनाडा में नियुक्ति की- कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि 35 वर्षों के राजनयिक अनुभव वाले विदेश सेवा अधिकारी क्रिस्टोफर कूटर भारत में कनाडा के नए उच्चायुक्त होंगे। वहीं, कुछ घंटे बाद, भारतीय विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा कैडर के दिनेश के. पटनायक शीघ्र ही कनाडा में भारत के उच्चायुक्त का पदभार ग्रहण करेंगे। पटनायक वर्तमान में स्पेन में भारतीय राजदूत हैं।

18 जून, 2023 को सरे में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए कनाडाई अधिकारियों द्वारा भारतीय एजेंटों को दोषी ठहराए जाने पर बिगड़े संबंधों के बाद भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद छिड़ गया था।

## उदयपुर में भालू का हमला, दो ग्रामीण घायल; जंगल में बैल खोजने निकले थे



नई दिल्ली (एजेंसी)। जिले के फुलवारी की नाल अभयारण्य में बुधवार शाम एक भालू ने दो ग्रामीणों पर हमला कर दिया। यह घटना फलासिया पंचायत समिति के धरावण गांव स्थित वनखंड क्षेत्र की है। हमले में मोतीलाल (35) पुत्र भीमराज खराड़ी और मोहनलाल (40) पुत्र कालू खराड़ी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ग्रामीण अपने बैल को खोजने जंगल में गए थे। जानकारी के अनुसार एक सप्ताह से मोतीलाल और मोहनलाल का बैल घर नहीं लौटा था। वे रोज उसकी तलाश कर रहे थे।

## चीनी राष्ट्रपति के सीक्रेट लेटर ने पलट दिया गेम... ट्रंप के टैरिफ बम के बीच सुधरने लगे भारत-चीन के संबंध



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत ब्रिक्स के कई देशों पर भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। भारत पर उन्होंने 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया। इस बीच ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट ने हलचल मचा दी है।

दरअसल, ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंपने चीन के साथ व्यापार युद्ध की शुरुआत की थी, उसी समय चीन भारत के साथ शांतिपूर्ण तरीके से अपना संबंध सुधारने की कोशिश में लग गया।

चीन के राष्ट्रपति का सीक्रेट लेटर- रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन ने जनवरी फरवरी के दौरान ही भारत के साथ संबंध सुधारने की कोशिश में लग गया। इस संबंध में चीन के राष्ट्रपकि शी चिनफिंग ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को एक चिट्ठी लिखी थी।

चीनी राष्ट्रपति ने लिखी थी भारत को चिट्ठी- बता दें कि ब्लूमबर्ग ने इस पूरे मामले से परिचित एक भारतीय अधिकारी के हवाले से बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को एक पत्र लिखा था। इस सीक्रेट पत्र के माध्यम से उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंध को और बेहतर बनाने की इच्छा व्यक्त की। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने किसी भी ऐसे अमेरिकी समझौते पर चिंता व्यक्त की थी, जो चीन के हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि इस पत्र को पीएम मोदी के पास भी पहुंचाया गया था।

दो महीने पहले से शुरू हुए रिश्तों को सुधारने के प्रयास- वहीं, एक अधिकारी ने बताया कि जून की शुरुआत के साथ ही केंद्र सरकार ने चीन के साथ संबंधों को सुधारने का प्रयास शुरू कर दिया। यह वह ही समय था, जब अमेरिका के साथ व्यापारिक रिश्तों में तनाव आने शुरू हो गए थे। इससे पहले मई में भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों का संघर्ष हुआ था। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच सीजफायर का कराने का दावा कर दिया था। हालांकि, भारत ने पहले से ही कह दिया कि दोनों राष्ट्रों के बीच कोई किसी की मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं।

सात साल में पहली बार चीन की यात्रा पर पीएम मोदी- अगस्त तक भारत और चीन के बीच में संबंध सुधरने लगे हैं। भारत और चीन दोनों देश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बम से बुरी तरीके से प्रभावित हैं। इस बीच दोनों देशों ने पिछले हफ्ते ही 2020 के घातक सीमा संघर्ष को पीछे छोड़ने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है।

# मिनियापोलिस स्कूल गोलीबारी में घायल हुई बेटी, ICU में मरीजों की देखभाल कर रही नर्स मां




नई दिल्ली (एजेंसी)। मिनियापोलिस स्कूल में हुई गोलीबारी के बाद क्रिटिकल केयर की नर्स ने खुद को उस वक्त असहज स्थिति पाया जब उनकी बेटी घायल अवस्था में उनके पास आई। जिस वक्त उनकी बेटी को अस्पताल लाया गया उस वक्त वो आईसीयू में काम कर रही थीं।

GoFundMe फंडरेजर के मुताबिक, सोफिया फोर्चस, मिनियापोलिस के एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में घायल हुए 15 बच्चों में से एक थी। इस गोलीबारी में 7वीं की पढ़ने वाली सोफिया गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे अस्पताल ले जाया गया। उस वक्त उसकी मां आईसीयू में इलाज कर रही थीं।सोफिया की इमरजेंसी सर्जरी हुई है और उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

सोफिया का भाई सदमें में- GoFundMe फंडरेजर के मुताबिक, गोलीबारी के समय सोफिया का भाई भी स्कूल के अंदर था। फंडरेजर ने बताया कि हमले में सुरक्षित बच निकलने के बावजूद, हिंसा और अपनी बहन को घायल होते देखकर वह बहुत सदमे में है।

मिनियापोलिस स्कूल गोलीबारी- बुधवार को रॉबिन वेस्टमैन नाम के 23 साल के एक बंदूकधारी ने एनुंसिएशन कैथोलिक स्कूल में एक प्रार्थना सभा के दौरान अंधाधुन गोलीबारी कर दी। इस घटना में दो बच्चों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। पीपल की रिपोर्ट के मुताबिक, पिस्तौल, राइफल और बन्दूक से लैस हमलावर ने चर्च की खिड़कियों से गोलियां चलाई और फिर खुद को भी गोली मार ली।

द गार्जियन के अनुसार, मिनेसोटा के कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी जो थॉम्पसन ने कहा कि हत्यारा बच्चों को मारने के विचार से ग्रस्त था। पीड़ित परिवार को मिनियापोलिस के सेंट मैरी ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च से मदद मिली है।

## रूसी तेल नहीं, ये है असली वजह... ट्रंप ने भारत पर क्यों लगाया 50% टैरिफ? US की दिग्गज कंपनी ने किया खुलासा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। गत बुधवार से टैरिफ की नई दरें लागू हो गई हैं। इस बीच एक बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत-पाक विवाद में मध्यस्थता की अनुमति न मिलने से ट्रंप नाराज थे। इसी कारण उन्होंने भारत पर टैरिफ लगाया।

दरअसल, अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी जेफरीज की हाल में आई एक रिपोर्ट में एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत-



पाकिस्तान विवाद में मध्यस्थता की अनुमति न दिए जाने पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यक्तिगत नाराजगी का परिणाम है। हालांकि, ट्रंप ने दावा किया कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर वह टैरिफ लगा रहे हैं।

ट्रंप को थी काफी उम्मीद- जेफरीज की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने मई में दोनों देशों के बीच चार दिवसीय सैन्य संघर्ष के बाद हस्तक्षेप की उम्मीद की थी। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं हुआ।

रिपोर्ट में कहा गया कि शुल्क मुख्यतः अमेरिकी राष्ट्रपति की व्यक्तिगत नाराजगी का परिणाम है कि उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चली आ रही कटुता को समाप्त करने में भूमिका निभाने की अनुमति नहीं दी गई।

कृषि क्षेत्र भी है मुख्य वजह- रिपोर्ट में दूसरी भारत पर लगाए गए टैरिफ की सबसे बड़ी वजह कृषि क्षेत्र को बताया गया है। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि वर्तमान सरकार सहित कोई भी भारतीय सरकार, लाखों लोगों पर पड़ने वाले गंभीर परिणामों के कारण कृषि क्षेत्र को आयात के लिए खोलने को तैयार नहीं है।

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में किए हवाई हमले, तीन लोगों की मौत




नई दिल्ली (एजेंसी)। अफगानिस्तान के तालिबान ने पड़ोसी देश पाकिस्तान पर हवाई हमले का आरोप लगाया है, जिसके बारे में अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने गुरुवार को बताया कि देश के दो पूर्वी प्रांतों में हुए हवाई हमलों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, सात अन्य घायल हो गए और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए।

काबुल में पाकिस्तानी राजदूत को तलब किया - तालिबान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर रात नंगरहार और खोस्त प्रांतों में हुए हमलों की निंदा की और इसे पाकिस्तान की उकसाने वाली कार्रवाई बताया और काबुल में पाकिस्तानी राजदूत को तलब किया। वहीं, न तो पाकिस्तानी सरकार और न ही सेना ने कथित हमलों पर कोई टिप्पणी की।

तालिबान पाकिस्तान में बैन- काबुल ने पहले भी पाकिस्तान पर अफगानिस्तान में तालिबान के संदिग्ध ठिकानों पर हवाई हमले करने का आरोप लगाया है। यह एक आतंकवादी समूह है जिस पर पाकिस्तान में प्रतिबंधित है और जिसे उस देश के कुछ सबसे घातक आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

### मैं राष्ट्रपति बनने को तैयार अगर..., अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ट्रंप को लेकर क्या कहा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सेहत को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच उनके उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि अगर कोई भयानक हादसा हो जाए, तो वह अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि, वेंस ने यह भी जोर देकर कहा कि 79 साल के ट्रंप की सेहत काफी अच्छी है और वह अपने चार साल के कार्यकाल को पूरी ताकत से पूरा करेंगे।

जेडी वेंस का बयान तब आया है जब ट्रंप के हाथ पर एक बड़ा निशान देखा गया, जिसने उनकी सेहत को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

वेंस ने यूएसए टुडे को दिए एक इंटरव्यू में अपनी तैयारियों और ट्रंप की सेहत पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि जनवरी में पहली बार व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में कदम रखने पर वह इसके शानदार इतिहास और भव्यता से अभिभूत हो गए थे।

कैसा है ट्रंप का सेहत- हाल ही में ट्रंप की दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ मुलाकात के दौरान उनके हाथ पर एक बड़ा नीला निशान देखा गया। इस घटना ने उनकी उम्र और सेहत को लेकर चर्चाओं को हवा दी।

### भारत आइए और दुनिया के लिए बनाइए..., जापान में मैन्युफैक्चरर्स को पीएम मोदी ने दिया मेक इन इंडिया का न्योता



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय जापान के दौरे पर हैं। जापान के टोक्यो पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने जापान की यात्रा के पहले दिन जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ भारत-जापान आर्थिक मंच में भाग लिया।

दरअसल, पीएम मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के निमंत्रण पर 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जापान पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा कि पिछले 11 सालों में भारत में कई बदलाव हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत में निवेश के लिए ये समय सबसे अच्छा है। उन्होंने कहा कि भारत की इकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है। हम न्यूक्लियर एनर्जी सेक्टर को खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और जापान हर क्षेत्र में एक बेहतर साझेदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का नया भारत एक तरीके से टैलेंट का पावर हाउस बन चुका है।

मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड- भारत जापान इकोनॉमिक फोरम में बोलते हुए पीएम मोदी ने जापान के मैन्युफैक्चरर्स को मेक इन इंडिया का न्योता दिया। पीएम मोदी फोरम में बोलते हुए कहा कि आप भारत आइए, हम भारत में प्रोडक्ट बनाएं और उसको दुनिया के लिए बनाएं। टोक्यो में भारत-जापान आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जापान हमेशा से भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। मेट्रो रेल से लेकर विनिर्माण, सेमीकंडक्टर से लेकर स्टार्टअप तक जापानी कंपनियों ने भारत में 40 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है।

## ये जिंदगी का सबसे हसीन दिन..., पीएम मोदी से मिलकर जापानी कलाकारों ने बयां किए हाल-ए-दिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। जापान की राजधानी टोक्यो में 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत हुआ। जापानी समुदाय ने भारतीय संस्कृति को गले लगाते हुए एक ऐसा नजारा पेश किया, जिसने दोनों देशों के बीच दोस्ती की मिसाल कायम की है।

राजस्थानी परिधानों में सजे जापानी कलाकारों ने गायत्री मंत्र और लोकगीतों से माहौल को और रंगीन बना दिया। यह नजारा न सिर्फ खूबसूरत था, बल्कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक पुल को और मजबूत करने वाला था। जापानी



कलाकारों ने भारतीय संस्कृति को इस कदर अपनाया कि हर कोई देखता रह गया।

राजस्थानी लोकगीतों की धुनों पर थिरकते हुए और संस्कृत मंत्रों का उच्चारण करते हुए उन्होंने दिखाया कि प्यार और सम्मान की कोई सीमा नहीं होती।

इस मौके पर पीएम मोदी ने भी कलाकारों से मुलाकात की, तस्वीरें खिंचवाई और उनकी मेहनत की तारीफ की। इसके बाद यह पल हर किसी के लिए यादगार बन गया।

ये दिन जिंदगी का सबसे हसीन दिन- एक जापानी कलाकार ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मोदी जी हमारे साथ तस्वीर खिंचवाएंगे। ये पल मेरे लिए बहुत खास है। तबला बजा रहे एक और कलाकार ने टूटी-फूटी हिंदी में अपनी भावनाएं बयान करते हुए कहा, मैं शब्दों में बयान नहीं कर सकता। मेरे लिए ये जिंदगी का सबसे हसीन दिन है, जो कभी भूल नहीं सकता।

## जैसे चूहा हाथी को मार रहा हो..., अमेरिकी अर्थशास्त्री ने भारत पर लगाए गए टैरिफ पर ट्रंप को सुनाई खरी-खरी



मेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है। ये टैरिफ गत बुधवार से लागू हो चुका है। इस बीच ट्रंप के टैरिफ के फैसले को अमेरिका केई लोगों ने गलत ठहराया है।

इस बीच अमेरिकी अर्थ शास्त्री रिचर्ड वोल्फ ने तो यहां तक कह दिया कि अमेरिका भारत के खिलाफ दुनिया के सबसे सख्त आदमी की तरह काम कर रहा है, लेकिन ब्रिक्स को पश्चिम का आर्थिक विकल्प बनाने पर जोर देकर वह अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मार रहा है।

चूहे द्वारा हाथी को मुक्का मारने जैसा- अमेरिकी अर्थ शास्त्री रिचर्ड वोल्फ ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका द्वारा भारत को यह बताना कि उसे क्या करना चाहिए, ठीक वैसा ही है, जैसे चूहे द्वारा हाथी को मुक्का मारा जा रहा हो।

अमेरिकी की जगह कहीं और निर्यात करेगा भारत- रशिया टुडे को दिए एक इंटरव्यू में अमेरिकी अर्थशास्त्री वोल्फ ने कहा कि अगर अमेरिका भारत के लिए अपने दरवाजे बंद कर देता है, तो भारत अपने उत्पादों के निर्यात के लिए कोई दूसरी जगह तलाश लेगा। उन्होंने दावा किया कि यही कदम भारत समेत ब्रिक्स को मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे रूस ने अपनी ऊर्जा को बेचने और खरीदने के लिए नया मार्केट ढूंढ लिया है, वैसे ही भारत अमेरिकी की बजाय ब्रिक्स के बाकी देशों को अपना सामान बेचेगा।

# 55 की उम्र में 17वें बच्चे को जन्म, इस महिला ने राजस्थान प्रशासन में मचाया हड़कंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिणी राजस्थान में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां उदयपुर जिले के झाड़ोल गांव की एक 55 साल की महिला ने 17वें बच्चे को जन्म दिया है। इसके बाद राजस्थान स्वास्थ्य विभाग ने इस क्षेत्र में जनसंख्या नियंत्रण से जुड़ी समस्याओं की जांच शुरू कर दी है।

इस असाधारण मामले ने स्वास्थ्य अधिकारियों के सामने, खासकर जिले के आदिवासी इलाकों में उच्च प्रजनन दर को नियंत्रित करने में आने वाली चुनौतियों को उजागर किया है। झाड़ोल की रहने वाली रेखा कालबेलिया ने एक स्थानीय अस्पताल में 17वें बच्चे को जन्म दिया, जिससे उसके परिवार में अब 24 सदस्य हो गए।

पोते पोतियों ने दी महिला को बधाई- हैरानी की बात है इस महिला का सबसे बड़ा बेटा 35 साल का है, जिसकी शादी हो चुकी है और उसके भी बच्चे हैं। ऐसे में महिला को पोते पोतियों ने बधाई दी। हालांकि परिवार अभी आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और रहने का ठिकाना भी नहीं है।

झाड़ोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक रोशन दरंगी ने कहा कि कालबेलिया ने शुरुआत में उन्हें बताया था कि यह उनका चौथा प्रसव है। उसके पांच बच्चों की जन्म के कुछ समय बाद ही मृत्यु हो गई और 11 बच्चे ही जिंदा बचे।

स्वास्थ्य विभाग ने जताई चिंता- हालांकि, बाद में अस्पताल को पता चला कि वह पहले ही 16 बच्चों को जन्म दे चुकी थी। डॉक्टर ने कहा कि मरीज का पूरा मेडिकल इतिहास जाने बिना ऐसा प्रसव जोखिम भरा हो सकता था। स्वास्थ्य विभाग ने इतनी बड़ी संख्या में प्रसवों से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों पर गंभीर चिंता व्यक्त की, खासकर परिवार की सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों को देखते हुए।

# दुनिया के 140 ऐसे देश जिनकी आबादी से ज्यादा भारत में शिक्षक



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश भर में नई पीढ़ी को तैयार करने वाले तथा जीवन मूल्यों को बोने वाले स्कूली शिक्षकों की संख्या शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में पहली बार एक करोड़ को पार कर गई है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफोर्मेशन सिस्टम फार एजुकेशन (यूडीआइएसई) प्लस की रिपोर्ट में बताया गया है कि किसी भी शैक्षणिक वर्ष में पहली बार शिक्षकों की संख्या में यह वृद्धि छात्र-शिक्षक अनुपात में सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और शिक्षकों की उपलब्धता में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण देना आज भी बड़ी चुनौती- ये आंकड़े इस मायने में तो गर्व की अनुभूति कराते हैं कि वर्ल्डोमीटर की सूची में शामिल कुल 233 देशों में आबादी के घटने क्रम में 88 ही ऐसे देश हैं जिनकी कुल जनसंख्या एक करोड़ से अधिक है। बाकी 145 देश में से प्रत्येक की आबादी एक करोड़ से कम है यानी भारत के सभी शिक्षकों की संख्या से कम।

तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है इतने शिक्षक के बावजूद गुणवत्तापूर्ण शिक्षण देना आज भी बड़ी चुनौती बना हुआ है।

# चेन्नई एअरपोर्ट पर बड़ा हादसा, कांच का पैनल गिरने से मचा हड़कंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। चेन्नई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां पर एक कांच का पैनल टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

हादसे के कारण एअरपोर्ट पर मौजूद यात्रियों को असुविधा हुई। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने इस संबंध में कोई हताहत नहीं हुआ है और एअरपोर्ट पर सभी सेवाएं जारी हैं।

पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं- ध्यान देने योग्य है कि चेन्नई एअरपोर्ट पर कांच टूटने की घटना पहली नहीं है। यहां पर पहले भी इस प्रकार की घटना देखी जा चुकी है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को हुई यह घटना 89वीं घटना थी।

तेज आवाज के कारण डर गए यात्री- बताया जा रहा है कि यह घटना एअरपोर्ट पर रेस्टोरेंट के पास हुई। इसकी आवाज इतनी तेज थी कि वहां पर मौजूद यात्री डर गए। घटना की जानकारी होते ही मौके पर हवाई अड्डे के कर्मचारी पहुंचे। यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए उस क्षेत्र में बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं।

# 2 घंटे में मुंबई से अहमदाबाद! कब शुरू होगी पहली बुलेट ट्रेन? रेलवे ने खुद दे दिया वर्क प्रोग्रेस रिपोर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई और अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन का सपना अब हकीकत की ओर बढ़ रहा है। रेल मंत्रालय ने ऐलान किया है कि इस हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के स्टेशन अब अपने आखिरी चरण में हैं। ये स्टेशन न सिर्फ आधुनिक तकनीक से लैस होंगे, बल्कि यात्रियों को बेमिसाल आराम और सुविधा भी देंगे।

भारतीय रेलवे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ये स्टेशन नई मिसाल कायम करेंगे। इसमें संस्कृति, पर्यावरण और कनेक्टिविटी का शानदार मेल होगा।

इस परियोजना में गुजरात और महाराष्ट्र के बीच 25 नदी पुल बनाए जा रहे हैं, जिनमें से 21 गुजरात में और 4 महाराष्ट्र में हैं। आइए, इस खबर को और गहराई से समझें। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के स्टेशन सिर्फ इमारतें नहीं, बल्कि एक नया अनुभव होंगे। इन स्टेशनों का डिज़ाइन आधुनिक है, जो स्थानीय संस्कृति को भी दर्शाएगा। पर्यावरण को ध्यान में रखकर बनाए गए ये स्टेशन ऊर्जा की बचत करेंगे और यात्रियों को बेहतरीन सुविधाएं देंगे।

चाहे बात सीटों की हो, वेटिंग एरिया की, या फिर ट्रेनों के कनेक्शन की, ये स्टेशन हर लिहाज से यात्रियों का ध्यान रखेंगे। रेलवे का दावा है कि ये स्टेशन भारत में रेल यात्रा के नए मानक स्थापित करेंगे। इसके अलावा, स्टेशनों की बनावट ऐसी होगी कि यात्रियों को एक शहर से दूसरे शहर तक जाने में आसानी हो। ये कॉरिडोर 508 किलोमीटर लंबा है और इसे 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पूरा करने का लक्ष्य है। यानी, मुंबई से अहमदाबाद का सफर महज 2 घंटे में मुमकिन होगा! गुजरात के वडोदरा में विश्वामित्री नदी पर बना 80 मीटर लंबा पुल इस परियोजना का एक और अहम पड़ाव है। यह पुल 21 नदी पुलों में से 17वां है, जो गुजरात में बनकर तैयार हो चुका है। इस पुल में तीन खंभे हैं, जिसमें एक नदी के बीच में और बाकी दो किनारों पर हैं।

# कांग्रेस जितना देगी गाली, उतना खिलेगा कमल..., पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी को लेकर अमित शाह का पलटवार



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में इंडिया ब्लॉक के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय मां के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल की कड़े शब्दों में निंदा की है।

गुवाहाटी में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस की ऐसी हरकतें न सिर्फ शर्मनाक हैं, बल्कि इससे बीजेपी की जीत का रास्ता और मजबूत होता है। उन्होंने इस घटना को देश के लोगों की भावनाओं पर चोट बताया और राहुल गांधी से माफी की मांग की है।

अमित शाह ने अपने भाषण में कहा, ÷दो दिन पहले जो हुआ, उसने हर किसी का दिल दुखाया। मोदी जी की मां ने गरीबी में जीवन जिया, अपने बच्चों को संस्कार दिए और अपने बेटे को देश का भरोसेमंद नेता बनाया। ऐसी शख्सियत के लिए अपशब्द कहना देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।उन्होंने राहुल गांधी को कहा कि उन्हें पीएम मोदी, उनकी स्वर्गीय मां और देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए शाह ने यह भी कहा कि कांग्रेस की ऐसी हरकतें उनकी हार का कारण बनेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा, जितना कांग्रेस गाली देगी, उतना ही बीजेपी जीतेगी।

दरअसल, बिहार में चुनावी माहौल के बीच कांग्रेस के वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता ने पीएम मोदी और उनकी मां के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें मंच पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और तेजस्वी यादव के पोस्टर नजर आए। बीजेपी ने इस मामले में पटना के कोतवाली थाने में स्नढ्डक्र दर्ज की और कांग्रेस से माफी की मांग की है।

# 15 लाख नकद, कीमती गहने और फिर बिजनेस के लिए भी पैसे...दहेज की मांग से तंग आकर इंजीनियर शिल्पा ने की खुदकुशी



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के बेंगलुरु के सुद्दागुंटेपल्या में मंगलवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां 27 साल की एक टेकी शिल्पा अपने घर में फंदे पर लटकी पाई गईं। उनके परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज की है कि दहेज के लिए लगातार तंग किए जाने की वजह से शिल्पा ने खुदकुशी कर ली। इसके बाद शिल्पा के पति प्रवीण को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

शिल्पा की शादी ढाई साल पहले प्रवीण से हुई थी। वो पहले एक सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल थे। दोनों का डेढ़ साल का एक बच्चा भी है।

शिल्पा ने इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की थी और शादी से पहले इन्फोसिस में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करती थीं। वहीं, प्रवीण ने शादी के एक साल बाद ओरेकल की नौकरी छोड़कर खाने का कारोबार शुरू किया था।

शिल्पा के माता-पिता ने अपनी शिकायत में बताया कि शादी के वक्त प्रवीण के परिवार ने 15 लाख रुपये नकद, 150 ग्राम सोने के गहने और घरेलू सामान की मांग की थी।

शिल्पा के परिवार ने ये मांगें पूरी कीं, लेकिन इसके बावजूद प्रवीण के परिवार ने शिल्पा को और पैसे और कीमती चीजों के लिए दबाव डाला।

शिकायत के मुताबिक, शिल्पा को बार-बार ताने मारे गए और दहेज के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इसके अलावा, शिल्पा के परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि प्रवीण की मां ने शिल्पा के रंग को लेकर तंज कसे।

शिकायत में कहा गया कि सास ने शिल्पा से कहा, तू काली है, मेरे बेटे के लिए अच्छी नहीं। उसे छोड़ दे, हम उसके लिए बेहतर दुल्हन ढूंढ लेंगे। इस तरह की बातें शिल्पा के लिए गहरे जख्म का सबब बनीं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल सप्तमी

## संपादकीय

# वैज्ञानिक ने इस बात का प्रमाण पाया है कि भूमध्य सागर में लिखे गए 3,000 वर्षीय भजन में वैदिक छंदों के साथ समानता है




ऋग्वेद और इसके छंद, इसके संगीत नोट्स और ताल, अन्य सभ्यताओं तक पहुंचे और उन्हें कांस्य युग की अन्य संस्कृतियों में साझा किया गया। एक वैज्ञानिक ने इस बात का प्रमाण पाया है कि भूमध्य सागर में लिखे गए 3,000 वर्षीय भजन में वैदिक छंदों के साथ समानता है।

कैलिफोर्निया में वैज्ञानिकों ने शुरुआती प्रमाणों में से एक पाया है कि वैदिक संस्कृति भारत तक सीमित नहीं थी। साक्ष्य संगीत में निहित है, जैसा कि एक अध्ययन में बताया गया है कि 3,000 साल पहले भूमध्य सागर के पूर्वी तट पर लिखा गया एक भजन ऋग्वेद के साथ हड़ताली समानताएं साझा करता है, जो सबसे पुराने भारतीय पवित्र ग्रंथों में से एक है। दान सी। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के बीऔऐसीआईयु, प्रीप्रींट.उआरजी सर्वर पर अपने तुलनात्मक विश्लेषण प्रकाशित किया । उनका कहना है कि उगारित और ऋग्वेद की आयतों में लिखे गए निक्कल के भजन ने एक ही ताल, या बार-बार मधुर या लयबद्ध इकाइयों को साझा किया। शोधकर्ता ने काम के दो निकायों के बीच समानताएं खींचने के लिए कंप्यूटर की सहायता प्राप्त लय और मेलोडी मैपिंग का उपयोग किया। उन्होंने अपने अध्ययन में लिखा है कि पाँच ऋग्वेद में से एक आयत उसी ताल के साथ समाप्त होती है जो भजन से लेकर निक्कल तक होती है। यह पेचीदा बनाता है कि, उसके अनुसार, दुर्घटना से होने वाली इस बाधाओं को एक मिलियन में एक से कम है। भूमध्य सागर में लिखे गए एक में, दो ताल हैं - एक सरल और दिल की धड़कन की तरह, और एक और जटिल बीऐसीआईयु का कहना है कि दोनों मॉडल ऋग्वेद के छंदों में भी मौजूद हैं, ÷एक सबसे अधिक बार समाप्त होने वाले छंदों के साथ और दूसरा त्रिशुभ मीटर से निकटता से जुड़ा हुआ है,÷

संगीत से जुड़े राज्य, सभ्यताओं के समाप्त होने के बाद भी जीवित रहे जबकि उनमें से एक सरल है, दूसरा जटिल है, और बासीयू का कहना है कि यह जानबूझकर किया गया था। साझा लय के अलावा, गूँजती हुई मधुर प्रवृत्तियाँ भी हैं, जिन्हें ÷ऋग्वेद पर प्राचीन टिप्पणीकारों ने उच्चारण सिलेबल्स पर बढ़ते और उसके बाद गिरने के रूप में वर्णित किया।÷ एक डिजिटल पुनर्निर्माण से पता चला कि दो टुकड़े कितने चौंकाने वाले थे। बासीयू की खोज से पता चलता है कि संगीत को विभिन्न संस्कृतियों में साझा किया गया था और शाही फरमान और राजनीतिक गठबंधनों की तुलना में तेजी से फैल गया था। वास्तव में, राज्यों के गायब होने के बाद भी, संगीत कायम रहा। उगारिट ने मेसोपोटामियन और अनातोलियन संस्कृतियों को जोड़ा, और इतिहासकारों का कहना है कि मितानी साम्राज्य ने उगारित और भारत के बीच एक सांस्कृतिक पुल के रूप में कार्य किया। माना जाता है कि इस कांस्य युग के राज्य ने उस चैनल के रूप में काम किया है जिसके माध्यम से वैदिक परंपराओं और संगीत रूपों का आदान-प्रदान किया गया था। यह भी पढ़ें- मास्की शिलालेख के 110 साल बाद, कर्नाटक शहर में 4,000 साल पुरानी मानव बस्ती मिली।

ऋग्वेद संगीत ताल ग्रीक कविता तक पहुंचा बासीयू ने अपने पेपर में लिखा, ÷मितानी ने हमें दो उपहार छोड़ दिए। भारत के बाहर वैदिक संस्कृति का पहला प्रमाण है। दूसरा यह भजन है, जो दर्शाता है कि कैसे संगीत सभ्यताओं को एकजुट करने में सक्षम था।÷ उनका कहना है कि संगीत की ताल फैलती चली गई, सैकड़ों साल बाद ग्रीक गीत की कविता में इसी तरह के पैटर्न देखे जा रहे थे. साफो के काम, यूरोपीय साहित्य के टुकड़े, और 1801 में जर्मन कवि फ्रेडरिक हॉल्डरलिन के छंद सभी एक ही संगीत पैटर्न ले जाते हैं। बासीयू के शोध से पता चलता है कि संगीत पहली वैश्विक भाषा थी, और उन धारणाओं को चुनौती देता है जो सभ्यता अलगाव में मौजूद थीं।

# कन्हाई लाल दत्त



कन्हाईलाल दत्त भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक क्रान्तिकारी थे। वे युगान्तर से सम्बद्ध थे। उनका जन्म पश्चिम बंगाल के चन्दननगर में कायस्थ परिवार में हुआ था।

जीवन परिचय - कन्हाईलाल दत्त का जन्म जन्माष्टमी की कालीअधेरी रात में अपने मामा के घर चन्दननगर में हुआ था, कदाचित इसी से उनका नाम कन्हाई पड़ा हो। यद्यपि उनका आरम्भिक नाम सर्वतोष था। चन्दन नगर तब फ्रांसीसी उपनिवेश था। वास्तव में तो उनका पैत्रिक घर बंगाल के ही श्रीराम पुर में था। कन्हाई जब चार वर्ष के थे तब उनके पिता उनको लेकर बम्बई चले गये थे। पांच वर्ष बम्बई में रहने के बाद नौ वर्ष की आयु में वह वापस चन्दन नगर आ गये थे और वही उनकी प्रारम्भिक से लेकर विश्वविद्यालय तक की शिक्षा हुई। चन्दन नगर के डुप्ले कालेज से उन्होंने स्नातक की परीक्षा दी थी। उसी कालेज के एक प्राध्यापक चारु चन्द्र राय से गहनता के कारण कन्हाई को क्रान्ति पथ का परिचय प्राप्त हुआ था।

चन्दन नगर में सर्वप्रथम क्रान्ति की योजना बनाने वाले थे - संध्या के सम्पादक ब्रम्हबाधव उपाध्याय। कन्हाई उनके सम्पर्क में भी अपने प्राध्यापक के माध्यम से ही आये थे। स्नातक की परीक्षा देने के उपरांत कन्हाई कलकत्ता आ गये और युगांतर कार्यालय में कार्य करने लगे। कलकत्ता की अनुशीलन समिति से जब उनका सम्पर्क हो गया तो न केवल वह उसके सदस्य बने अपितु उन्होंने अपने घर ही उसकी एक शाखा भी स्थापित की तथा बाद में अपने क्षेत्र में पांच अन्य शाखाओं की भी स्थापना की थी। इन शाखाओं में व्यायाम तथा लाठी आदि चलाने की शिक्षा दी जाती थी। बाहर से देखकर उन्हें कोई भी विप्लवी समिति की शाखा नहीं समझ सकता था। स्वयं कन्हाई ने विप्लवी बनने की दीक्षा अमावस्या की रात्री में एक बटवृक्ष के तले ली थी।

खुदीराम बोस द्वारा किये गये मुजफ्फरपुर बम काण्ड के उपरान्त अंग्रेजी राज्य की रातों की नीद हराम हो गयी थी। सारा अंग्रेजी शासन चौकन्ना हो हो गया था। चारो ओर संदिग्ध लोगो की खोज आरम्भ कर दी गयी थी। खूब दौड़-धूप के बाद पुलिस को पता चला कि इन क्रान्तिकारियो का अड्डा मानिकतल्ला के एक बगीचे में है। यह बगीचा अरविन्द घोष के भाई सिविल सर्जन डाक्टर वारीन्द्र घोष का था। गुप्तचर विभाग वह से क्रान्तिकारियो की गतिविधि पर दृष्टि रखने लगे। दुर्भाग्य से क्रान्तिकारियो गुप्तचर विभाग की इस कारस्तानी से सर्वथा अनभिज्ञ रहे। इसका परिणाम क्रान्तिकारियो के लिए भारी संकटकारी साबित हुआ। गुप्तचर विभाग को इससे सफलता मिली और उसने देश के सर्वप्रथम बम षड्यंत्र का पर्दाफाश कर दिया। इसमें बगीचे के मालिक वारींद्र घोष, उनके भाई अरविन्द घोष , नलिनी, कन्हाई लाल दत्त समेत लगभग 35 देशभक्त लोगो को बन्दी बनाने में पुलिस सफल हो गयी।

इन सब बन्दियो को अलीपुर कारागार में रखा गया था और वही पर इन क्रान्तिकारियो पर अभियोग चलाया गया। इसी कारण इस अभियोग का नाम अलीपुर षड्यंत्र रखा गया था। कन्हाई लाल दत्त के साथ-साथ उसके प्रेरक प्रोफ़ेसर चारु चन्द्र राय भी बन्दी बनाये गये थे। सब पर अभियोग चला किन्तु चारू चन्द्र राय को फ्रांसीसी सरकार की बस्ती का नागरिक होने के कारण रिहा कर दिया गया।

अलीपुर अभियोग में भी नरेन्द्र गोस्वामी नामक का एक व्यक्ति भी बन्दी बनाया गया था जिसने सरकारी गवाह बनना स्वीकार कर लिया। उसके इस देशद्रोह से क्रान्तिकारियो के रहे-सहे प्रयत्नों पर पर पानी फिर जाने की आशंका होने लगी। यद्यपि नरेन्द्र के इस कुकृत्य की देशभक्त समुदाय द्वारा चारो ओर भर्त्सना होती रही किन्तु इससे अभियोग में तो किसी प्रकार की सहायता मिलने की संभावना थी ही नही। यहाँ तक कि अभियोग के दौरान ही एक दिन भरी अदालत में किसी अभियुक्त ने उसको लात तक मार दी थी। उसका परिणाम यह हुआ कि एक तो वह इन बन्दियो के सामने आने से सदा बचता रहा और दूसरे सरकार ने भी उसके लिए सुरक्षा की व्यवस्था कर दी। उसको दो सरकारी अंगरक्षक दिए गये।

अ ब जेल में ह ी कन्हाई ला ल द त्त और स त्ये न्द्र बसु ने इस देशद्रोही को सबक सिखाने की एक अदभुत योजना बना डाली। उन्होंने निश्चय किया कि नरेंद्र अपना ब्यान पूरा करे उससे पूर्व ही उसको इस संसार से प्रयाण कर लेना चाहिए। कन्हाई लाल दत्त और सत्येन्द्र की बुद्धि निरंतर कार्य कर रही थी। उन्होंने सबसे पहले जेल के वाडरो से घनिष्ठता बढाई उन्हें बहुत हद तक प्रभावित कर लिया। उसके फलस्वरूप जेल के भीतर लाये जाने वाले कटहल- मछ्ली के भीतर रखी दो पिस्तौल को प्राप्त करने में वो सफल हो गये। उसमे किसी प्रकार की बाधा उपस्थित नहीं हुई। वे पिस्तौल किन वाडरो द्वारा आयोजित किये गये और किसने बाहर से भेजे थी , इस तथ्य को बाह्य जगत कभी नहीं जान पाया।

सितम्बर माह की तिथि निकट आ गयी जिस तिथि को नरेन्द्र को अपना वक्तव्य देना निर्धारित किया गया था। नरेन्द्र नियमित रूप से प्रतिदिन सत्येन्द्र और कन्हाई लाल के पास मिलने के लिए आता था। 31 अगस्त 1908 के दिन भी वह अपने समय पर उनके पास आया। तभी सत्येन्द्र ने अपने सिरहाने रखी पिस्तौल से नरेन्द्र पर वार किया गोली उसके पैर में लगी किन्तु वह उससे गिरा नही। सत्येन्द्र ने तभी दूसरी गोली चलाई तब तक नरेन्द्र भागने लगा था। सत्येन्द्र और कन्हाई दोनों ने उसके निकट पहुचकर उसे गोलियों से छलनी कर दिया।

कन्हाई को 10 नवम्बर 1908 को फांसी देने का दिन तय किया गया। सत्येन्द्र को दो दिन बाद प्राण दण्ड दिया गया।



# 40 दिन में होती है इस चीज की खेती, लखपति बन जाते हैं किसान!



नई दिल्ली (एजेंसी)। गर्मियों में सब्जियों की बहुत मांग होती है। अगर आप बिजनेस करना चाहते हैं तो 40 दिन में उगने वाली एक ऐसी सब्जी की खेती कर सकते हैं जो आपको लखपति बना सकती है। ये फसल अधिकतर गर्मियों में ही उगाई जाती है। इस सब्जी को हम खीरा कहते हैं। इसका इस्तेमाल साल के 12 महीनों होता है। क्योंकि हम खाने के साथ सलाद जरूर खाते हैं। और सलाद में खीरा जरूरी होता है। इसलिए इस सब्जी को सभी खरीदते हैं। अगर आपके पास जमीन है तो आप 40 दिनों में खीरे की खेती करके मोटा पैसा कमा सकते हैं। मोटी कमाई के लिए यह एक अच्छा बिजनेस आइडिया है।

खीरे का उत्पादन लगभग देश के सभी हिस्सों में किया जाता है। वैसे तो इसकी डिमांड हर सीजन में होती है लेकिन गर्मियों में खीरे की मांग और बढ़ जाती है। इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है इसलिए इसे लोग कच्चा खाना भी पसंद करते हैं। इसे खाने से बॉडी को पानी भी मिलता है।

कैसे करें खीरे की खेती- खीरे की खेती अधिकतर रेतीली दोमट मिट्टी में की जाती है। इसे भारी म्टिटी में भी उगाया जा सकता है। बस कोशिश ये रहनी चाहिए कि पानी की निकासी की व्यवस्था अच्छी हो। पानी रुकना नहीं चाहिए। रेतीली मिट्टी में पानी सूख जाता है। इसलिए यह खीरे की फसल के लिए बेहतर होती है। अगर आपके पास खेत है तो अपने खेत की अच्छे से जुताई करें और फिर उसे बराबर कर लें। इसके बाद आपको खीरे की फसल बोनी है।

कोशिश करें कि खेत में हमेशा नमी बनी रहे। फसल की हल्की सिंचाई करें। कोशिश करें कि पानी खेत में जमा न हो। हर सप्ताह थोड़ी-थोड़ी सिंचाई की जा सकती है।

खीरे की फसल को तैयार होने में 40 से 70 दिन तक का समय लगता है। एक बार फसल तैयार होने पर आप इसे व्यापारी से अच्छे दामों पर बेचना शुरू कर सकते हैं। एक हेक्टेयर में करीब 60 से 70 क्विंटल खीरे की फसल होती है। अगर आपके पास खेत है तो आप आसानी से खीरे की खेती करके मोटा पैसा कमा सकते हैं। बहुत से किसान तो पॉली फार्मिंग में खीरे की खेती करके एक सीजन में 10 से 12 लाख रुपये की कमाई कर रहे हैं।

## सोने के दाम ने बनाया नया रिकॉर्ड



नई दिल्ली (एजेंसी)। यूएस के 50 फीसदी टैरिफ से विश्व अर्थव्यवस्था में एक बार फिर अस्थिरता आई है। एमसीएक्स में सोने के दाम ने नया रिकॉर्ड बनाया है। दोपहर 2.16 बजे 24 कैरेट सोने का दाम 102,729 रुपये पहुंच गया है। वहीं चांदी की चमक भी तेज हुई है। चांदी में दोपहर 2.16 बजे 456 रुपये की बढ़ोतरी देखी जा रही है।

सुबह 11 बजे एमसीएक्स में सोने के दाम में लगभग 100 रुपये की बढ़ोतरी ही दर्ज की गई थी।

दोपहर 2.46 बजे 24 कैरेट सोने का भाव 102725 रुपये चल रहा है। इसने अब तक 102069 रुपये का लो रिकॉर्ड और 102774 रुपये का हाई रिकॉर्ड बनाया है। इसमें अब तक 625 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी आई है।

एमसीएक्स में 1 किलो चांदी का भाव 117722 रुपये चल रहा है। इसने 116,850 रुपये पहुंचकर लो रिकॉर्ड और 117825 रुपये पहुंचकर हाई रिकॉर्ड बनाया है। चांदी में अब तक 548 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी आई है। हमने सोने और चांदी में लगातार हो रही बढ़ोतरी की वजह जानने के लिए कमोडिटी के एक्सपर्ट अजय केडिया से बातचीत की। आइए जानते हैं कि उन्होंने इस बढ़ोतरी की क्या वजह बताई है? कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया ने जागरण से हुई बातचीत में सोने और चांदी में आ रही बढ़ोतरी की अलग-अलग वजह बताई।

## मुकेश अंबानी खोलने जा रहे हैं नई कंपनी, नाम होगा Reliance Intelligence, गूगल-फेसबुक के साथ मिलकर करेंगे ये काम



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस इंडस्ट्रीज की 48वीं एनुअल जनरल मीटिंग में मुकेश अंबानी ने एक नई कंपनी खोलने का ऐलान किया है। रिलायंस समूह की इस नई कंपनी का नाम रिलायंस इंटेलिजेंस होगा। RIL के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा, इस नई कंपनी की परिकल्पना चार स्पष्ट उद्देश्यों के साथ की गई है। खास बात है कि इस नई कंपनी के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज ने गूगल और मेटा (फेसबुक) के साथ अहम करार किया है। इस मौके पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और मेटा के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग ने इस पार्टनरशिप को लेकर खुशी जाहिर की।

पहला मकसद- भारत के अगली पीढ़ी के एआई बुनियादी ढाँचे को स्थापित करना। इसके तहत रिलायंस इंटेलिजेंस गीगावाट-लेवल, एआई डेटा केंद्र बनाएगी, जो ग्रीन एनर्जी से संचालित होंगे और राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण के लिए डिज़ाइन होंगे।

जामनगर में गीगावाट-स्तरीय, एआई डेटा सेंटर्स पर काम शुरू हो चुका है। ये सुविधाएं भारत की बढ़ती ज़रूरतों के अनुरूप चरणों में प्रदान की जाएंगी, रिलायंस के न्यू-एनर्जी इकोसिस्टम द्वारा संचालित होंगी, और एआई प्रशिक्षण और अनुमान के लिए विशेष रूप से निर्मित होंगी। दूसरा बड़ा मकसद- वैश्विक साझेदारियों को स्थापित करने के उद्देश्य से रिलायंस इंटेलिजेंस, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टेक कंपनियों और ओपन-सोर्स कम्युनिटी को रिलायंस की गहन विशेषज्ञता और कार्यान्वयन क्षमता के साथ, एक साथ लाएगी ताकि लोगों को तकनीक का बेहतर अनुभव मिल सके।

तीसरा मकसद- भारत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का निर्माण, रिलायंस इंटेलिजेंस कंज्यूमर्स, छोटे व्यवसायों और उद्यमों के लिए विश्वसनीय, उपयोग में आसान एआई सेवाएं और शिक्षा, हेल्थ सर्विसेज और कृषि जैसे राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों के लिए बेहतर सॉल्युशन ऑफर करना है। ये सेवाएँ बड़े पैमाने पर विश्वसनीय और हर भारतीय के लिए किफायती होंगी।

## क्रिसिल रेटिंग्स का दावा, ट्रंप टैरिफ से इस साल 18 प्रतिशत तक घट सकता है भारत का श्रिंप निर्यात




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के टैरिफ बढ़ाए जाने के बाद इस वर्ष भारत से अमेरिका को श्रिंप (झींगा) का निर्यात 15 से 18 प्रतिशत घट सकता है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारत पर 50त्न टैरिफ लगा दिया है। पुराने टैरिफ को मिलाकर श्रिंप पर अब टैरिफ 58.26 प्रतिशत हो गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्यातक अपने प्रोडक्ट मिक्स में बदलाव करने और अमेरिका से अलग दूसरे बाजारों की तलाश में हैं। इस सेगमेंट का रेवेन्यू पिछले चार वर्ष से स्थिर है। टैरिफ वृद्धि की आशंका के चलते पहली तिमाही में शिपमेंट में वृद्धि हुई थी। वित्त वर्ष 2024-25 में, भारत ने लगभग 5 अरब डॉलर के श्रिंप का निर्यात किया, जिसमें से अमेरिका को निर्यात लगभग 48 प्रतिशत था। स्थिर राजस्व और टैरिफ का बोझ ग्राहकों पर न डाल पाने के कारण ऑपरेटिंग प्रॉफिट मार्जिन 1.5 से 2 प्रतिशत कम हो सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, आसान बाजार पहुंच, ग्रोथ की बेहतर संभावनाओं और बेहतर प्रॉफिट मार्जिन के कारण अमेरिका लंबे समय से श्रिंप निर्यातकों का पसंदीदा गंतव्य रहा है। एंटी-डंपिंग और काउंटरवेलिंग ड्यूटी, तथा अप्रैल 2025 में 10 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ के बावजूद अमेरिका पसंदीदा गंतव्य बना हुआ था, क्योंकि ग्राहकों ने इन शुल्कों के एक हिस्से का वहन किया।

# बाजार को रास नहीं आया मुकेश अंबानी का Reliance AGM, बड़ी Jio IPO घोषणा के बावजूद शेयर बेचने की होड़




नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस के एजीएम के बीच इसके शेयर शुक्रवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली। यह 2.69% गिरकर 1,350.30 रुपये के निचले स्तर पर आ गए। दरअसल आज रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान घोषणा की कि इतिहास में सबसे बड़ा रिलायंस जियो IPO 2026 की पहली छमाही में आएगा।


बता दें पिछले चार एजीएम के बाद रिलायंस के शेयरों में लगातार गिरावट देखने को मिली है। पिछले साल, बैठक के बाद के 10 दिनों में शेयरों में 4.6त्न की गिरावट आई थी। वजह कंपनी ने जियो और रिटेल के लिए दीर्घकालिक विकास दिशानिर्देशों के अलावा कुछ भी नहीं बताया था। वहीं 2023, 2022 और 2021 में भी इसी तरह की गिरावट देखी गई।

रिलायंस नए प्रोडक्ट के लॉन्च के बीच JioPC पेश किया, जो एक क्लाउड-संचालित वर्चुअल कंप्यूटर है जो किसी भी टीवी या स्क्रीन को AI-रेडी पर्सनल कंप्यूटर में बदल सकता है। जियो सेट-टॉप बॉक्स से बस एक कीबोर्ड कनेक्ट करके, उपयोगकर्ता बिना किसी एडवांस पेमेंट के तुरंत कंप्यूटर अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

कुछ टेक्निकल एनालिस्ट का कहना है कि रिलायंस को 1,325-1,330 रुपये पर मजबूत सपोर्ट मिल रहा है और इसमें 1,400-1,435 रुपये से ऊपर ही बढ़त की संभावना है। यह शेयर एक महीने से ज़्यादा समय से मजबूती की स्थिति में है और अगले रुझान का फैसला आने तक इसके सीमित दायरे में रहने की संभावना है।

ब्रोकरेज का टारगेट प्राइस- हाल ही में ब्रोकरेज फर्म यूबीएस ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों पर टारगेट प्राइस बढ़ाया है।

## संगमनगरी के इलाहाबादी या फिर शिवनगरी के काशी वाले, किसकी जेब में ज्यादा है पैसा



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश का प्रयागराज और वाराणसी दोनों ही धार्मिक दृष्टिकोण के लिहाज से बहुत ही समृद्ध शहर हैं। एक को काशी की नगरी कहा जाता है तो दूसरी को संगम नगरी कहा जाता है। काशी में शिव जी विराजमान हैं तो संगम में तीन नदियों गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का मेल होता है। दोनों शहर के लोगों की पहचान भी अलग है। पहचान अलग है तो कमाई भी अलग-अलग होगी। अब आपको मन में एक सवाल होगा कि आखिर किस शहर के लोगों के पास ज्यादा पैसा है। कौन ज्यादा अमीर है? हम इसी सवाल का जवाब जानेंगे प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से।

इससे पहले हमनें UP Poorest Cities के बारे में भी जाना था। तो चलिए आज दोनों शहरों की प्रति व्यक्ति आय जानते हैं। इस सवाल का जवाब जानने के लिए जागरण बिजनेस की टीम ने यूपी के अर्थ एवं सांख्य विभाग यानी Directorate of Economics & Statistics से संपर्क किया। विभाग से हमने यूपी के 75 जिलों की प्रति व्यक्ति आय डेटा मांगा। विभाग ने हमें डेटा उपलब्ध कराया।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine


ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# बालाघाट के जंगल में बांस काटने गए ग्रामीण का बाघ ने किया शिकार... आधा शव खाकर छोड़ा जंगल में





बालाघाट/वारासिवनी। दक्षिण वन मंडल बालाघाट के अंतर्गत वन परिक्षेत्र कटंगी और वारासिवनी की सीमा से लगे नगझर सिरपुर के जंगल में गुरुवार को बांस काटने गए सात लोगों में से एक व्यक्ति पर बाघ ने हमला कर शिकार कर लिया, जबकि साथ में गए अन्य लोग किसी तरह से अपनी जान बचाकर भाग आए। गांव में आकर ग्रामीणों और स्वजनों को घटना की जानकारी दी गई।

बता दें कि दक्षिण वन मंडल में आठ माह के भीतर बाघ ने चार लोगों का शिकार किया है और दो लोगों को घायल कर चुका है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम सिरपुर निवासी मंगरूलाल सर्राटी 65 वर्ष गुरुवार को अपने गांव के अन्य सात लोगों के साथ में घरेलू उपयोग के लिए बांस कटाने गांव के जंगल में गया था। इस दौरान सभी लोग बांस अलग-अलग काट रहे थे कि बाघ ने मंगरूलाल पर हमला कर दिया।

इंदौर में 150 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां नियमित कर दीं, विकास शुल्क जमा कराने की कोई व्यवस्था नहीं इंदौर में 150 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां नियमित कर दीं, विकास शुल्क जमा कराने की कोई व्यवस्था नहीं बताया जा रहा है कि गांव में बाघ के हमले की जानकारी मिलने के बाद गांव के लोगों ने मंगरूलाल को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई।

देर शाम हो जाने की वजह से टीम ने खोजबीन नहीं कर पाई। शुक्रवार को घटना स्थल पर कटंगी और वारासिवनी परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची। जिसमें मृतक के शरीर का कमर वाला हिस्सा को बाघ ने आधा खा लिया था। एक पैर का हिस्सा भी शव से कुछ दूर पड़ा मिला। वन अमले ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम भेजा गया है। जहां पर शव मिला है वह चिरचिरा के कलेरी नाला, नगझर व सिरपुर तीनों बीट समीप में ही है। बाबूलाल चढ़ार (वन परिक्षेत्र अधिकारी कटंगी) का कहना है कि बाघ ने सिरपुर निवासी एक व्यक्ति पर हमला कर शिकार कर लिया है। नगझर, चिरचिरा व सिरपुर तीनों बीट घटना स्थल के समीप करेली नाले से लगी है। शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई जारी है।

# कलेक्टर से अभद्रता मामले में बीजेपी विधायक नरेंद्र कुशवाह पर पार्टी सख्त, भोपाल बुलाकर दी चेतावनी



भोपाल। भिंड कलेक्टर से अभद्रता व हाथापाई की कोशिश मामले के सामने आने के बाद भाजपा विधायक नरेंद्र कुशवाह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। संगठन ने उन्हें भोपाल बुलाकर कड़े शब्दों में चेतावनी दी है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। अब पार्टी ने अपनी साख बचाने के लिए अपने बेलगाम विधायक को समझाइश देकर डेमेज कंट्रोल की शुरुआत की है। इस क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने नरेंद्र कुशवाह से चर्चा की।

विधायक ने संगठन महामंत्री से की मुलाकात-भोपाल में कुशवाह ने प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से मुलाकात की।

इस दौरान संगठन ने उनके व्यवहार को गंभीर मानते हुए साफ चेतावनी दी कि आपका आचरण पार्टी लाइन के खिलाफ है, इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में इस तरह की घटना स्वीकार्य नहीं होगी।

अन्य जिलों के विवाद- बड़वानी- प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने कलेक्टर काजल जावला को हटाने की मांग मुख्यमंत्री से की।

भोपाल- सांसद आलोक शर्मा ने निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण पर फोन न उठाने का आरोप लगाकर बैठक छोड़ दी थी।

डिंडोरी- विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कलेक्टर नेहा मारव्या पर अभद्रता और योजनाएं बिगाड़ने के आरोप लगाए।

मंडला- विधायक नारायण सिंह पट्टा ने प्रशिक्षु ढ्रूस आकिब खान पर घर में घुसकर उनकी मां को धक्का देने का आरोप लगाया।

रायसेन- राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई न करने को लेकर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को घेरा।

ग्वालियर- पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने आबकारी अधिकारी राकेश कुर्मी को कांग्रेस समर्थक बताकर मुख्यमंत्री से हटाने की मांग की। सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव केके सिंह का कहना है - विवाद की स्थिति आनी ही नहीं चाहिए। चाहे जनप्रतिनिधि हों या प्रशासनिक अधिकारी, सभी को संयमित रहना चाहिए। पहले अधिकारी और नेता बहुत शालीनता से रहते थे, लेकिन अब माहौल बिगड़ता जा रहा है।

# भोपाल में एअर इंडिया एक्सप्रेस-इंडिगो इस दिन से शुरू करेंगे नई उड़ानें, मानसून में बंद थी हवाई यात्रा




भोपाल। मानसून के कारण दो महीने पहले बंद हुई उड़ानें फिर से शुरू होंगी। इंडिगो ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को इसकी सहमति दे दी है। माना जा रहा है कि दिल्ली, बेंगलुरू तक अतिरिक्त उड़ान फिर से शुरू होगी।

रायपुर उड़ान जल्द ही प्रतिदिन संचालित होगी। उड़ानें बढ़ने से किराये में भी कमी हो सकती है। मानसून के दौरान यात्रियों की संख्या कम होने के कारण एयरलाइंस कंपनियां उड़ानों को री-शेड्यूल कर देती हैं। जहां अधिक यात्री मिलते हैं वहां अतिरिक्त उड़ानें संचालित की जाती हैं। इस बार भी दो माह पहले भोपाल से दिल्ली, बेंगलुरू तक उड़ानें कम हो गई थीं। रायपुर उड़ान को सप्ताह में सात दिन से कम कर तीन दिन कर दिया गया था। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि 21 सितंबर से दिल्ली की दोपहर की उड़ान फिर से शुरू हो जाएगी। बैंगलुरू मार्निंग उड़ान इसी दिन से सप्ताह के सभी सात दिन संचालित होगी। रायपुर उड़ान भी सप्ताह के सभी सातों दिन संचालित होंगी।विंटर में बढ़ेगी एयर कनेक्टिविटीअक्टूबर के अंतिम सप्ताह से लागू हो रहे विंटर शेड्यूल में भोपाल से एयर कनेक्टिविटी बढ़ने की संभावना है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बेंगलुरू, हैदराबाद एवं मुंबई रूट पर उड़ानें शुरू करने के साथ भोपाल में दस्तक देने की तैयारी की है। इंडिगो भी गोवा, नवीं मुंबई एवं नोएडा तक उड़ान शुरू कर सकता है।

रीजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत फ्लायबिग रीवा एवं दतिया उड़ान शुरू करने पर विचार कर रहा है। वर्तमान में भोपाल से प्रतिदिन साढ़े तीन से चार हजार यात्री सफर करते हैं। विंटर शेड्यूल में यह संख्या पांच हजार से अधिक हो सकती है।

# फैली खतरनाक बीमारी! पन्ना के बम्होरी गांव में उल्टी-दस्त से 2 दिन में 5 मौतें, लोगों में दहशत का माहौल





पन्ना। रैपुरा तहसील के ग्राम बम्होरी में पिछले एक सप्ताह से गांव में सैकड़ो ग्रामीण का स्वास्थ्य एकाएक खराब होने लगा कई लोग गांव में सर्दी, जुखाम, बुखार उल्टी दस्त से ग्रसित हो चुके थे लेकिन क्षेत्रीय स्वास्थ्य विभाग आंखें मूंदे बैठा हुआ था। इस कारण से यह एक संक्रमण समूची गांव में फैल गया।

संक्रमण ने महामारी का रूप ले लिया, जब लगातार लोग बीमार पढ़ने लगे जिले के स्वास्थ्य विभाग की नींद तब टूटी जब विगत दो दिनों में पाँच लोगों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, सेवक उम्र 32 वर्ष, राधाबाई उम्र 30, कंछेदी उम्र 45, मंसो उम्र 16 और मुन्नीबाई उम्र 60 की अचानक हुई मौत हो गई, जिसके बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है बना हुआ है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि ग्रामीण सात दिनों से लगातार बीमार पड़ रहे थे, लेकिन स्वास्थ्य अमला आंख मूंदे बैठा रहा।गांव में इस वक्त 40 से 50 लोग बीमारी की चपेट में बताए जा रहे हैं। कौन सी बीमारी के कारण पांच लोगों की मौत हुई है इसकी भी स्वस्थ विभाग ने अभी तक कोई पुष्टि नही की। वहीं, पिछले तीन दिनों में ही करीब 25 से 30 लोग अचानक बीमार पड़े। हालात बिगड़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम बम्होरी पहुंची। सीएमएचओ पन्ना डॉ. राजेश तिवारी स्वयं मौके पर पहुंचे और घर-घर जाकर सैंपल लिए, साथ ही बीमारों को दवाइयां उपलब्ध कराईं।

ग्रामवासियों का कहना है कि वे सात दिनों से बीमारी से जूझ रहे थे, लेकिन न तो बीएमओ और न ही स्थानीय स्वास्थ्य अमले ने सुध ली। अब जब मौतें हो चुकी हैं तब प्रशासन हरकत में आया है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतने दिनों तक जिम्मेदार अधिकारियों को भनक क्यों नहीं लगी।

याद दिला दें कि पिछले वर्ष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई के अंतर्गत ग्राम पटोरी में उल्टी-दस्त के कारण सात मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग नहीं चेता और अब बम्होरी में दो दिन के भीतर पाँच लोगों की मौत ने स्वास्थ्य अमले की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामवासियों का साफ कहना है कि अगर समय रहते ध्यान दिया जाता तो इन मौतों को रोका जा सकता था। विभाग की लापरवाही ने पांच परिवारों को अपनों से छीन लिया। फिलहाल टीम गांव में डेरा डाले हुए है और बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए जांच और उपचार का काम कर रही है।

बारिश के मौसम के बाद अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित पानी के कारण कई बार इस प्रकार की घटना प्रकाश में आती है । क्योंकि अमूमन ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग आज भी लोग तालाब बावड़ी के पानी का उपयोग पीने के लिए करते हैं जिस कारण से लोग बीमार पड़ते हैं।

लंबे समय तक अगर उचित इलाज नहीं मिल पाने के कारण जान का भी खतरा बड़ जाता है, लेकिन इन सब घटनाक्रमों से ना तो कभी स्वास्थ्य विभाग कोई सीख लेता है ना ही बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में जिला प्रशासन के द्वारा कुएं तालाब बावड़ियों में ना तो कभी दवाइयां का छिड़काव करवाया जाता है। इस वजह से पानी की गुणवत्ता खराब हो जाती है और लोग उसी दूषित पानी का उपयोग कर बीमारी का शिकार बन जाते है।वहीं, ऐसे में सीधे तौर पर जिला प्रशासन पन्ना की यह लापरवाही है स्पष्ट नजर आती है की आखिर क्यों पहले से जमीनी स्तर पर कोई ऐसे ठोस कदम नहीं उठाए जाते हैं जिससे इस प्रकार की मौतों की सूचना ग्रामीण क्षेत्र से ना आ सके ।



# शासकीय विद्यालयों में त्रैमासिक परीक्षा शुरू,परीक्षा परिणाम 16 सितंबर को घोषित होगा



इंदौर। लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समयसारणी अनुसार शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की त्रैमासिक परीक्षा आज से शुरू हुई । दो शिफ्टों में प्रारंभ हुई परीक्षा में प्रातः हाई स्कूल और दोपहर को हायर सेकेंडरी कक्षाओं की परीक्षा होगी। इंदौर के शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 के प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि विद्यालयों में परीक्षा समाप्त होने के बाद अगले दिन की परीक्षा के लिये विशेष कक्षाएं संचालित करने के निर्देश लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकनकर्ता शिक्षक उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षार्थियों द्वारा की गई त्रुटियों का उल्लेख करते हुए अपना मतांकन करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा उपलब्ध प्रश्न बैंक, अंक योजना और अगस्त तक पूर्व निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर विद्यालय स्तर पर प्रश्नपत्र तैयार करवाये गए है। विद्यार्थियों और पालकों को उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन कराए जाने के भी निर्देश है। त्रैमासिक परीक्षा का परिणाम 16 सितंबर को घोषित किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि त्रैमासिक और छह माही परीक्षा के अनुपातिक अंक वार्षिक परीक्षा में जोड़े जाने से परीक्षा का महत्व बड़ा है।

## 5 दिन बाद लौटी श्रद्धा तिवारी, पति संग थाने पहुंचते ही मचा हड़कंप




इंदौर। 23 अगस्त को लापता हुई 22 वर्षीय श्रद्धा तिवारी शुक्रवार सुबह अपने पति के साथ एमआईजी थाने पहुंच गई। पुलिस अब उससे पूरे मामले को लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस को गुरुवार देर रात जानकारी मिली थी कि श्रद्धा मंदसौर में है और उसने अपने माता-पिता से संपर्क भी किया है। इसके बाद से ही परिवार को उसकी सुरक्षित वापसी की उम्मीद जगी थी।गुजराती कॉलेज की सेकेंड ईयर की छात्रा श्रद्धा की गुमशुदगी के बाद परिजनों ने उसके घर के बाहर उल्टी तस्वीर टांग दी थी। साथ ही यह भी घोषणा की थी कि जो भी उसे घर लाएगा, उसे 51 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा। परिजनों का मानना था कि उल्टी तस्वीर टांगने से गुमशुदा व्यक्ति लौट आता है। इसी विश्वास के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। ऐसा ही टोटका कुछ समय पहले राजा रघुवंशी हत्याकांड की मास्टरमाइंड सोनम रघुवंशी के पिता ने भी अपनाया था।

मोबाइल घर पर छोड़कर गई थी- श्रद्धा घर से जाते समय अपना मोबाइल वहीं छोड़ गई थी। शुरुआती जांच में पुलिस ने उसकी सहेली से पूछताछ की थी। इसमें पता चला कि परिजन ने उसे किसी बात को लेकर फटकारा था।

## नशा मुक्त भारत अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

इंदौर। सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय होलकर महाविद्यालय में किया गया । इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी क्राइम श्री राजेश त्रिपाठी मौजूद थे। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन भी विशेष रूप से मौजूद थीं। कार्यक्रम में श्री राजेश त्रिपाठी, सुश्री प्रियंवदा अजरिया एवं सुश्री ज्योति कुशवाहा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को नशे की रोकथाम के संबंध में शपथ भी दिलाई।

## इंदौर जिले में अब तक 452 मिलीमीटर औसत वर्षा

इंदौर। इंदौर जिले में जारी मानसून सत्र में अब तक 452 मिलीमीटर औसत वर्षा हो चुकी है। यह आंकड़ा गत वर्ष इस अवधि में दर्ज 632.8 मिलीमीटर औसत वर्षा से 180.8 मिलीमीटर (7 इंच) कम है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 28 अगस्त की सुबह 8.30 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटे में वर्षामापी केन्द्र इंदौर में 12.8 मिलीमीटर, महू में 23.3 मिलीमीटर, सांवेर में 77.1 मिलीमीटर, देपालपुर में 29.8 मिलीमीटर।

# नगरीय क्षेत्रों में रोपे गये 23 लाख पौधे



इंदौर। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छ पर्यावरण के लिये इस वर्ष नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अमृत हरित महाअभियान चलाया है। अभियान में अब तक 10 संभागों में 23 लाख पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया जा चुका है। नगरीय क्षेत्रों में जन भागीदारी से सामूहिक पौधरोपण के कार्यक्रम अभी भी निरंतर आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक यह पौधरोपण जबलपुर, शहडोल, भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, इंदौर, सागर एवं रीवा संभाग के नगरीय क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर किया गया है। शहरी क्षेत्रों में लगाये गये पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी वूमेन्स फॉर ट्री अमृत मित्र महिला समूह को सौंपी गयी है। प्रदेश में करीब 7 हजार 800 महिलाएं लगाये गये पौधों की 2 वर्ष तक सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाएंगी। अमृत महिला मित्रों को नगरीय निकायों द्वारा प्रशिक्षण के साथ आवश्यक किट भी उपलब्ध कराया गया है। प्रदेश के कुछ नगरीय निकायों ने उनके नगरीय क्षेत्रों के पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी अमृत मित्र महिला समूह को सौंपी है।

प्रदेश में अमृत हरित महाअभियान 5 जून 2025 को पर्यावरण दिवस से नगरीय निकायों की मदद से व्यापक स्तर पर शुरू किया गया था। राज्य में यह अभियान 30 सितंबर तक लगातार जारी रहेगा। सामूहिक पौधरोपण में जनभागीदारी में छात्र-छात्राओं, युवाओं, जनप्रतिनिधियों, विशेषकर महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी को शामिल किया जा रहा है।

औद्योगिक क्षेत्रों में भी पौधरोपण- प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में पर्यावरण संतुलन के लिये नगरीय निकायों ने सामूहिक पौधरोपण के व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश को हराभरा बनाने तथा शहरी पर्यावरण को संरक्षित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। पौधरोपण में मुख्य रूप से छायादार और फलदार वृक्षों का चयन किया गया है।

## विद्यार्थियों की अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट स्थिति अब UDISE+ पोर्टल में स्कूल प्राचार्यों के लिए उपलब्ध

इंदौर। प्रदेश में स्कूल के विद्यार्थियों के आधार कार्ड स्कूल में ही तैयार करने और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) को सुगम बनाने के लिए विद्यार्थियों के लिए आधार, अब स्कूल के द्वार अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में अब सभी सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को UDISE+ पोर्टल पर अपने विद्यार्थियों के लंबित बायोमेट्रिक अपडेट की जानकारी उपलब्ध होगी। विद्यार्थियों के एमबीयू को और सुगम बनाने के लिए, यूआईडीएआई और भारत सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की तकनीकी टीमों ने UDISE+ पोर्टल के माध्यम से यह नया समाधान लागू किया है। यह अभियान वर्तमान में प्रदेश के 44 जिलों में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है और शीघ्र ही शेष 11 जिलों में भी शुरू होगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करना है, जिसमें उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और तस्वीर शामिल हैं। अपडेटेड आधार विद्यार्थियों के लिए स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षाओं, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं जैसी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक है। स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारियों और स्कूल प्राचार्यों को निर्देश जारी किये हैं कि वे इस पोर्टल का उपयोग कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों के आधार अपडेट सुनिश्चित करें। विद्यार्थी इस अभियान के तहत स्कूलों में आयोजित शिविर या निकटतम आधार सेवा केंद्र पर जाकर अपने एमबीयू पूर्ण कर सकते हैं।

## भारत निर्वाचन आयोग का दस सदस्य दल पहुंचा मतदान केन्द्र पर



इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के दूरस्थ/अद्वितीय मतदान केन्द्रों के भ्रमण एवं चुनाव प्रक्रिया के प्रमुख परिचालन क्षेत्रों पर बी.एल.ओ. को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु आयोग द्वारा नियुक्त टीम ने आज इन्दौर जिले का भ्रमण किया। आयोग द्वारा नियुक्त 10 सदस्यीय टीम द्वारा जिले के विधानसभा क्षेत्र 203 देपालपुर स्थित शासकीय प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 19 नया बसेरा गांधी नगर इन्दौर का भ्रमण किया गया। यहां सभागृह में उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर (बी.एल.ओ.) को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में लगभग 140 चिन्हित बूथ लेवल अधिकारियों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर इन्दौर जिले के सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत श्रीवास्तव, देपालपुर विधानसभा के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री लोकेश आहूजा, जिला निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री अंतिम दुबे, प्रशिक्षण संयोजक श्री रमेश पाण्डेय, 4 विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी अधिकारी सहित आयोग द्वारा गठित दल के सदस्य श्री जसकीरत सिंह, श्रीमती प्रीति, श्री देशराज सिंह, श्रीमती अनिता गौतम, श्री भवानी पाण्डे, श्रीमती पूजा रानी, श्रीमती गीता रानी, श्री अखिलेश कुमार, श्रीमती ललिता, श्री दीपक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में बूथ लेवल अधिकारियों से सीधा-संवाद किया। प्रशिक्षण में बी.एल.ओ. के कर्तव्य के संबंध में जानकारी दी। बी.एल.ओ. को मैदानी स्तर पर नागरिकों/मतदाता से शिष्टाचारपूर्वक व्यवहार करते हुए नामावली संबंधित जानकारी प्राप्त करने के संबंध में समझाईश दी गई। फार्म 6 परिवर्धन, फार्म 7 निरसन एवं फार्म 8 सुधार/स्थानांतरण / दिव्यांगत्ता अंकन / डुप्लीकेट वोटर आई कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई।

# अनंत चतुर्दशी चल समारोह की तैयारी तेजी से जारी



इंदौर। इंदौर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के आयोजन अनंत चतुर्दशी चल समारोह के तहत निकाले जाने वाली झांकियों की तैयारी तेजी से जारी है। झांकियों की सुरक्षा और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को एक अनोखा नजारा देखने को मिला। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, आयुक्त नगर निगम श्री शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह सहित महापौर परिषद के सदस्य और सभी विभागीय अधिकारी एक ही बस में सवार होकर झांकी मार्ग का निरीक्षण करने निकले।

निरीक्षण की शुरुआत डीआरपी लाइन से हुई। इसके बाद दल ने भंडारी ब्रिज चौराहा, श्रम शिविर, चिंकमंगलूर चौराहा, जेल रोड, नावेल्टी मार्केट, एमजी रोड, कृष्णपुरा छत्री, नंदलालपुरा रोड, जवाहर मार्ग, गुरुद्वारा चौराहा, बम्बई बाजार, कपड़ा मार्केट, सीतलामाता बाजार, खजूरी बाजार रोड़ और राजबाड़ा तक पूरे झांकी मार्ग का जायजा लिया। इस दौरान जगह-जगह रुककर तैयारियों का निरीक्षण किया गया।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर की झांकियां सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और आस्था का विराट उत्सव हैं। नगर निगम झांकियों की व्यवस्थाओं को सर्वोत्तम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# उज्जैन को मिले 35 नए एफआरवी वाहन

## अब डायल-112 से सभी आपात सेवाएँ एक ही नंबर पर मिलेगी, पुलिस लाइन में हुआ शुभारंभ

उज्जैन। नागरिक सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा उज्जैन जिले को 35 नवीन एफ.आर.वी. (फास्ट रिस्पॉन्स व्हीकल) उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें से 24 वाहन शहरी क्षेत्रों के लिए और 11 वाहन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आवंटित किए गए हैं।

शुक्रवार को पुलिस लाइन, उज्जैन में आयोजित भव्य फ्लैग-ऑफ समारोह में राज्यसभा सांसद उमेशनाथ जी, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन उमेश जोगा, उप पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन, कलेक्टर उज्जैन रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को रवाना किया।



**वाहनों की प्रमुख विशेषताएँ** -प्रत्येक एफ.आर.वी. वाहन एमडीटी, जीपीएस, स्मार्टफोन, बॉडी-वॉर्न कैमरा और डैशबोर्ड कैमरा जैसी नवीनतम तकनीक से लैस।

सड़क दुर्घटनाओं व आकस्मिक घटनाओं में राहत के लिए स्ट्रेचर, प्राथमिक उपचार किट, रस्सी कटर और अग्निशमन उपकरण की सुविधा।

हर वाहन में प्रशिक्षित पायलट नियुक्त, जो तुरंत कार्रवाई करने में सक्षम।

लाइव ट्रैकिंग और शिकायत मॉनिटरिंग सिस्टम से तेज कार्यवाही।

एचआरएमएस आधारित कार्यप्रणाली से पुलिसिंग पारदर्शी और विश्वसनीय।

**अब डायल 112 एक नंबर, सभी आपात सेवाएँ** - डायल-100 को अपग्रेड कर डायल-112 सेवा शुरू की गई है। यह अत्याधुनिक तकनीक से लैस है और एआई आधारित ऑटो डिस्पैच सिस्टम के ज़रिए अब और तेज़ रिस्पॉन्स मिलेगा।

सभी आपातकालीन सेवाएँ जिसमें पुलिस, मेडिकल, अग्निशमन, महिला हेल्पलाइन, आपदा प्रबंधन और अन्य ङ्क अब केवल 112 नंबर पर उपलब्ध होंगी।

**डायल-112 से जुड़ी प्रमुख सेवाएँ** - पुलिस सहायता- 112
मेडिकल सेवा-108
अग्निशमन - 101
महिला हेल्पलाइन - 1090
आपदा प्रबंधन - 1930
रेल मदद - 139

# उज्जैन में दो विद्यालयों पर हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

## ''मेरे लिए स्वतंत्रता का क्या अर्थ है, मेरा भारत 2047 तथा भारत की गुमनाम नायिकाएँ विषय पर विद्यार्थियों ने लिखा निबंध



उज्जैन। रोटरी क्लब के तत्वावधान में नूतन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज में ''मेरे लिए स्वतंत्रता का क्या अर्थ है, मेरा भारत 2047 तथा भारत की गुमनाम नायिकाएँ विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों को इनमें से किसी एक विषय पर निबंध लिखना था।

क्लब अध्यक्ष रोट. ईश्वर चन्द्र दुबे ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 द्वारा 15 अगस्त से 30 अगस्त के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें डिस्ट्रिक्ट के 102 क्लब के माध्यम से स्थापित किए गए इंटाटेक्ट क्लब के छात्र शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम उज्जैन के उक्त दोनों स्कूल में बनाये गए इंटरेक्ट क्लब के छात्र सम्मिलित हुए। निबंध लेखन प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए छात्रों को रोटरी सर्टिफिकेट के साथ सम्मान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शास नूतन विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक तिवारी, ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज के डायरेक्टर दिलीप धनवानी, इंटरेक्ट क्लब एडवाइजर निर्मला सिंह एवं हेमंत कुमार परमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यकारी सचिव रोट धीरेंद्र रैना, पूर्व अध्यक्ष रोट शाहिद हाशमी, रोटे सुरेश शर्मा आदि सदस्य प्रतियोगिता के समय उपस्थित रहे।

# गणेशोत्सव में टॉवर चौक पर गूंजे भजन



उज्जैन। टावर चौक पर टावर चौपाटी संगठन और ज्वलंत अमित मुकुल शर्मा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित 10 दिवसीय भव्य गणेश उत्सव में सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

राजपाल सिंह सिसोदिया और नीलू रायकवार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेशोत्सव में प्रतिदिन शाम 7 बजे से ज्वलंत शर्मा, अमित शर्मा, मुकुल शर्मा, मिथिलेश शर्मा, अनामिका शर्मा, शिवानी शर्मा, अनुभूति शर्मा, अनमोल शर्मा, लय शर्मा, लक्ष्य शर्मा अपनी प्रस्तुतियां दी जा रही हैं।

# मैं चाहता हूं बने सुधीर भाई निरंजनी अखाड़ा के महाण्डलेश्वर बने- महन्त रविन्द्र पुरीजी



उज्जैन। अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम सनातन धर्म में मानवता की सेवा का एक ऐसा तीर्थ है जहां स्वयं ब्रह्मा, विष्णु और महेश के दर्शन होते है।

महन्त रविन्द्र पुरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम को बहुत बहुत आर्शीवाद एवं साधुवाद, आज में सेवाधाम आया, सुधीर भाई को अनेक वर्षों से मैं जानता हूं एवं बहुत प्रेम है, इनकी मानव सेवा पूरा भारत ही नही विश्व देख रहा है। महन्त रविन्द्र पुरी ने कहा कि यह एक मानव सेवी संत है इसीलिए अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की ओर से सुधीर भाई को महामण्डलेश्वर हेतु प्रस्ताव अनेक बार दिया और आज भी मैं स्वयं आकर मनाने आया हूं, आप इतने सारे पीड़ितजनों की मानव सेवा का कार्य कर रहे है। हमें विश्वास है कि हम इन्हें मना लेंगे। मैं अखिल भारतीय अखड़ा परिषद के समक्ष अपनी बात अनेक बार कह चुका हू। सुधीर भाई में मानव सेवा कूट-कूट कर भरी है, वर्तमान समय में हमारे सनातन में ऐसा कोई संत नही है जो इतनी मानव सेवा कर आज असंख्य पीड़ितजनों को आवास, पौष्टिक भोजन, चिकित्सा एवं स्वावलम्बन कर कार्य कर रहे है।

# कांग्रेस सेवा दल की संभागीय बैठक संपन्न संगठन की सक्रियता व मजबूती को लेकर चर्चा हुई

उज्जैन। उज्जैन शहर जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान मे सेवादल की संभागीय बैठक संभागीय प्रभारी अरुण रोचवानी की अध्यक्षता एवं अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी प्रताबनारायण मिश्रा, सह प्रभारी चंद्रप्रकाश गौतम, उज्जैन नगर निगम में नेता प्रति पक्ष रवि राय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुईविशेष अतिथि जिला प्रभारी गण लक्ष्मीनारायण पाठक, किशोर धुलदौए, महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लीला परिहार, अनिल शर्मा,मांगीलाल नायक, मनीष गोमे, मांगीलाल भाटी पूर्व कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष दव राजेंद्र व्यास, जगदीश लालावत आदि ने बैठक को संबोधित किया, बैठक का शुभारंभ सेवादल के संस्थापक डॉ नारायण एस.हार्डीकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया सर्व प्रथम वंदे मातरम गान किया गया बैठक में नवनियुक्त जिला (ग्रामीण) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश परमार, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी को अध्यक्ष नियुक्त होने पर उज्जैन शहर जिला (ग्रामीण )कांग्रेस सेवादल द्वारा स्वागत किया गया।




बैठक में संगठन सक्रियता व मजबूती को लेकर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्य योजना तैयार की गई बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी श्री प्रताबनारायण मिश्रा ने कहा कि सेवादल कांग्रेस संगठन का महत्वपूर्ण अंग है जो निरंतर समाज के व राष्ट्र के निर्माण में अपने योगदान देते हुए अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करता रहा है वर्तमान समय में राष्ट्र के प्रति गंभीर चुनौतियों को लेकर सेवादल कार्यकर्ता की जिम्मेदारी अधिक बढ़ गई है जिसमें हमें अधिक ऊर्जा व निष्ठा के साथ पूर्ण करना है बैठक में अंत में राष्ट गान के साथ संपन्न हुई इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल, महिला कांग्रेस सेवादल, यंग बिग्रेड सेवादल तीनों विंग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई इस अवसर पर ज्ञानसिंह दरबार, दिलीप देवड़ा, इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष हेमंत कोली, संजय ठाकुर, हर्ष जैन, शेरखान, डॉ कमल चौहान श्याम रघुवंशी राजेन्द्र चंदेल, विनोद चौधरी, रफी साहब जैदी , साबिर हुसैन, भंवर सिंह भाटी आदि लोग शामिल रहे कार्यक्रम का संचालन जिला( ग्रामीण )कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डॉक्टर चैनसिंह चौधरी ने किया तथा आभार शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कुलदीप सिंह जाट ने किया उपरोक्त जानकारी सेवादल मीडिया प्रभारी हेमंत कोली ने दी।

# स्वरानुभूति' गायन संध्या में दी मराठी भक्ति एवं शास्त्रीय गीतों की प्रस्तुति




उज्जैन। श्री महाराष्ट्र समाज उज्जयिनी द्वारा आयोजित श्री गणेशोत्सव 2025 के अंतर्गत तिलक स्मृति मंदिर, क्षीरसागर में वृहन्महाराष्ट्र मंडल नवी दिल्ली के सहयोग से भक्ति संगीत कार्यक्रम 'स्वरानुभूति' का आयोजन किया गया।

सचिव संजय दिवटे ने बताया कि पुणे से पधारी सुप्रसिद्ध गायिका धनश्री कुलकर्णी ने मराठी भक्ति एवं शास्त्रीय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सहगायिका रमा काजरेकर, संवादिनी चंद्रकांत निगडे, तबले पर संगीता अग्निहोत्री तथा हारमोनियम पर संगत ने कार्यक्रम को और भी प्रभावी बना दिया। ÷जय जय विठ्ठल रखुमाई, भैरवी , उमा मंगेश जैसे गीतों की प्रस्तुति पर श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय नाट्य प्रमुख श्रीपाद जोशी ने की तथा प्रमुख अतिथि के रूप में वृहन्महाराष्ट्र मंडल नवी दिल्ली के कार्यवाह दीपक कर्पे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन मिलिंद पन्हालकर एवं संचालन रूपाली पलशीकर द्वारा किया गया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com